हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

02 शिवपुर-हीरापुर मार्ग पहली बारिश में ध्वस्त



04 15 अक्टूबर तक नहीं कराई ई-केवायसी तो ...











## खबर संक्षेप

### रांवा में स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव आज

**धमतरी।** रांवा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर संघ का संचलन एवं विजयादशमी उत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार 12 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। संचलन का प्रारंभ नया बाजार चौक से होकर पुनः वहीं पर समापन होगा। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती खिलेश्वरी किरण पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहेंगी। अध्यक्षता ज्ञानिकराम साहू सरपंच द्वारा की जाएगी। मुख्य वक्ता सुनील यदु जिला सह कार्यवाह होंगे।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 12000 विद्यार्थी शामिल होंगे

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 13 अक्टूबर को सभी स्कूलों में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा के लिए परीक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। परीक्षा सुबह 11.30 से दोपहर 1 बजे तक होगी। यह जानकारी एमआर निषाद जिला संगठन प्रभारी ने दी है।

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक 17 को

**मगरलोड।** छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की छमाही बैठक 17 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे राम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखी गई है। बैठक में सामाजिक विषयों पर चर्चा परिचर्चा की जायेगी। यह जानकारी पाली अध्यक्ष फगनूराम निषाद, महासचिव नील निषाद, संरक्षक सागर निषाद एवं मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### हार्डकापी 17 तक जमा करें

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में सत्र 2025-26 बीए, बीकाम, बीएससी तृतीय सेमेस्टर के स्वाध्यायी विद्यार्थी महाविद्यालय में जीई, डीएसई, वैक, एसईसी के विषय प्राप्त कर अपना पंजीयन कराएं एवं 17 अक्टूबर तक हार्डकापी सहित प्रवेश आवेदन जमा करें। विलंब की स्थिति में जवाबदारी विद्यार्थी की होगी।

### 14, 21 को सेलून दुकानें खुली रहेंगी

**धमतरी।** दीपावली त्योहार के मद्देनजर जिले की समस्त सेलून दुकानें 14 एवं 21 अक्टूबर को खुली रहेंगी। साथ ही गांवों में कार्यरत सामाजिक सदस्य गंवई (हजामत) का कार्य कर सकते हैं। त्योहार के पश्चात आगामी मंगलवार से सभी सेलून दुकानें एवं गंवई कार्य पूर्व की भांति प्रत्येक मंगलवार को बंद रहेगा। यह जानकारी सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष धनसिंह सेन एवं सचिव भगवानी राम शांडिल्य ने दी है।

### किल्लत के बीच बढ़ी डिमांड, नदी में पानी होने से रेत निकालना हुआ मुश्किल

# रेत के दाम छूने लगे आसमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महानदी किनारे बसे होने के बाद भी धमतरीवासियों को रेत काफी महंगी पड़ रही है। पहले तो सप्लायरों के काम बंद करने से रेत महंगी हुई। अब महानदी में पानी है, ऐसे में रेत निकालना मुश्किल हो गया है। उपर से प्रशासन की कार्रवाई के चलते भी रेत सप्लाई प्रभावित हो रही है।

धमतरी और आसपास के गांवों में इन दिनों रेत दोगुने दाम पर मिल रही है। शहर में कभी 9 सौ से 1 हजार ट्रैक्टर ट्रॉली में बिकने वाली रेत आज 18 सौ से 2 हजार तक बिक रही है। इसमें भी समय पर लोगों को रेत नहीं मिल पा रही है। प्रशासन द्वारा लगातार रेत से भरे ट्रैक्टरों की धरपकड़ की जा रही है। इसके विरोध में मटेरियल सप्लायरों ने काम बंद कर दिया था। कई दिनों तक रेत सप्लाई बाधित रहने से शहर में रेत की किल्लत शुरू हो गई थी। जैसे ही सप्लायरों का आंदोलन समाप्त हुआ, नदी में पानी छोड़ दिया गया। इससे भी रेत निकालना मुश्किल हो गया। इन कारणों से रेत के दाम आसमान छू रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो ढाई गुना तक दाम में उछाल आया है। वहीं शहर में दो गुना दाम में रेत बिक रही है। दीपावली का समय होने के कारण बचे हुए निर्माण कार्य को भवन निर्माता शीघ्रता से पूरा करने की कोशिश में लगे हैं। वे महंगा होने के बाद भी रेत खरीद रहे हैं। वहीं कई निर्माण कार्य बंद हो गए हैं।



#### नदी में कम होने लगा पानी

बारिश थमने के बाद अब नदी में पानी कम होने लगा है। पहले मटेरियल सप्लायर दर्री, खरेंगा से रेत निकाल रहे थे। शहर से दूरी ज्यादा पड़ने के कारण डीजल खर्च ज्यादा आ रहा था। अमेठी, कोलियारी से रेत निकलने की उम्मीद है। इससे डीजल खर्च बचेगा। लेकिन यहां पर भी खदान संचालकों ने लोडिंग चार्ज बढ़ा दिया है। पर इससे रेत के दाम पर कितना असर पड़ेगा, इसका खुलासा नहीं हुआ है।

#### कार्रवाई का असर

तहसीलदार और खनिज विभाग द्वारा लगातार अवैध परिवहन पर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार और शनिवार को भी कुछ वाहनों पर कार्रवाई की गई। रेत के दाम पर इसका भी असर पड़ा है। एक बार गाड़ी पकड़ाने पर 10 से 12 हजार रुपए का चालान कटता है। वहीं हफ्ता, दस दिन काम बंद रहता है। इस नुकसान की भरपाई भी उपभोक्ताओं से की जा रही है। मटेरियल सप्लायरों ने बताया कि मटेरियल परिवहन से ही ड्राइवर, लेबर सहित उनकी रोजी रोटी चलती है। चाहे नदी में पानी हो या प्रशासन की कार्रवाई चल रही हो। रोजी रोटी के लिए रेत सहित अन्य बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई करना उनकी मजबूरी है।

## चंदनबाहरा मार्ग पर मिला 10 किलो का टिफिन बम

- डीआरजी व बीडीएस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



डीआरजी की टीम ने सर्चिंग के दौरान चंदनबाहरा मार्ग पर 10 किलो का टिफिन बम बरामद किया है। बीडीएस की टीम ने टिफिन बम को निष्क्रिय किया।

पुलिस को मुखबिर से नगरी क्षेत्र के ग्राम फरसियां से चंदनबाहरा मार्ग पर नक्सलियों पर द्वारा आईईडी-टिफिन बम लगाने की सूचना मिली। वहीं आसपास के जंगल क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की भी जानकारी मिली। एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन व एएसपी शैलेन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में डीआरजी नगरी एवं बीडीएस की संयुक्त टीम को शनिवार को नक्सल विरोधी अभियान, सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के लिए रवाना किया गया। सर्चिंग के दौरान चंदनबाहरा मार्ग पर संयुक्त टीम को 10 किलो वजन का टिफिन बम आईईडी मिला। टिफिन बम को डीआरजी की सुरक्षा में बीडीएस टीम ने सतर्कता एवं तकनीकी दक्षता के साथ निष्क्रिय कर दिया। इस कार्रवाई में एक बड़ी नक्सली साजिश विफल हुई है। वहीं पुलिस बल ने त्वरित व साहसिक कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना या डायल 112 पर दें। छोटी सी सतर्कता किसी बड़ी घटना को रोक सकती है।

## धमतरी जनपद की 4 पंचायतों में वित्तीय अनियमितता

- दर्री, देवपुर, नवागांव (क), बरारी में माल क्रय नियमों का उल्लंघन
- पूर्व सरपंचों, सचिवों से राशि वसूली की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जनपद पंचायत धमतरी अंतर्गत चार पंचायतों में मालक्रय नियमों एवं जीएसटी में अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्राम चर्रा निवासी मोहन पटेल की शिकायत पर जांच अधिकारियों ने कलेक्टर को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।



मोहन पटेल

जपं धमतरी के जांच अधिकारियों ने जांच प्रतिवेदन में ग्राम पंचायत दर्री के पूर्व सरपंच गीतेश्वरी साहू एवं सचिव श्रीराम सिन्हा द्वारा मालक्रय नियमों का पालन नहीं करने पर 65,373 रूपए की वित्तीय अनियमितता पाई गई है। ग्राम पंचायत देवपुर के पूर्व सरपंच चेतनलाल यादव एवं सचिव रामप्रसाद अनुवंशी ने भी क्रय नियमों का पालन नहीं किया। यहां 5,21,453 रूपए की अनियमितता मिली है। नवागांव/क पंचायत के पूर्व सरपंच गजराज सिन्हा एवं सचिव ताराचंद साहू, सचिव राजेश पटेल, सचिव सियाराम यादव से 8,93,138 रुपए की वित्तीय अनियमितता जांच में पाई गई है। ग्राम पंचायत बरारी के पूर्व सरपंच सुनीति ध्रुव एवं सचिव तीक्षणदास हैवार द्वारा 58,569 रुपए की वित्तीय अनियमितता जांच में सामने आई है।

अधिकारियों के जांच पश्चात वित्तीय अनियमितता पर आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला पंचायत ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता मोहन पटेल ने राशि वसूली के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस मामले में ग्राम दर्री, नवागांव/क तथा बरारी के पूर्व सरपंचों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## स्टापडेम में गिरी वृद्धा की मौत

- ग्राम लहसुनवाही की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



खेत देखने पैदल जा रही वृद्धा अचानक स्टापडेम में गिर गई। वृद्धा की पानी में डूबने से मौत हो गई है। पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लहसुनवाही निवासी बिसंतीनबाई ध्रुव पति पुनीतराम उम्र 65 वर्ष शुक्रवार की दोपहर पैदल स्टापडेम किनारे से होकर दूसरी तरफ स्थित अपने खेत को देखने जा रही थी। इसी दौरान वृद्धा अचानक स्टापडेम में गिर गई। डैम के पानी में डूबने से वृद्धा की मौत हो गई। वृद्धा को घर में न पाकर परिजनों ने उसकी तलाश शुरु कर दी। शाम को स्टापडेम में पानी के उपर वृद्धा के शव को देख परिजनों को घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना केरेगांव पुलिस को दी गई। पुलिस शनिवार की सुबह स्टापडेम पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया व पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। आशंका जताई जा रही है कि खेत जाते समय वृद्धा अचानक फिसल कर स्टापडेम में गिर गई होगी, जहां पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

## आदिवासी महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- पुलिस ने आरोपी की कार भी बरामद की





जिले के बोरई थाना क्षेत्र में आदिवासी महिला से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे भाजपा मंडल बेलरगांव के पूर्व अध्यक्ष मनोहरदास मानिकपुरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 3 अक्टूबर 2025 की शाम करीब 7 बजे की है। आरोपी मनोहरदास मानिकपुरी बोरई थाना क्षेत्र के एक गांव में पानी मांगने के बहाने एक आदिवासी महिला के घर पहुंचा, जहां उसने महिला से छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया। घटना के बाद पीड़िता ने बोरई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, 331(2) एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 3(1)(द) और 3(2)(वी क) के तहत मामला दर्ज किया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार था और उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर रखा था, जिससे पुलिस को उसकी लोकेशन ट्रेस करने में कठिनाई हो रही थी।

इस घटना के बाद आदिवासी समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया था। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। इसके साथ ही 9 अक्टूबर को समाज ने बेलरगांव में एकदिवसीय बंद कर धरना प्रदर्शन किया, जिससे पुलिस प्रशासन पर गिरफ्तारी को लेकर दबाव बना। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अपने अधीनस्थ अमले को दिन-रात खोजबीन में लगा दिया, जिसका परिणाम 11 अक्टूबर को सामने आया जब पुलिस ने आरोपी मनोहरदास मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की कार भी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### कोलियारी, श्यामतराई बाईपास व बठेना चौक में हुई सड़क दुर्घटनाएं

# एक घंटे में तीन सड़क हादसे, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शुक्रवार की रात्रि एक घंटे में कोलियारी, श्यामतराई बाईपास व बठेना चौक में तीन सड़क दुर्घटनाएं हो गई। इन घटनाओं में एक बाइक सवार की मौत हुई है, वहीं दो घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना शुक्रवार की रात्रि अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कोलियारी में हुई जहां बाइक सवार को ट्रक चालक ने रौंद दिया। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कलारतराई निवासी अशोक सिन्हा पिता जगदीश उम्र 48 वर्ष सोनालिका ट्रेक्टर शोरूम धमतरी में काम करता था। अशोक रोज काम करने कलारतराई से धमतरी आना-जाना करता था। रोजाना की तरह अशोक शुक्रवार को अपनी मोटरसाइकिल से काम करने ट्रेक्टर शोरूम गया था। जहां से रात्रि लगभग 9.30 बजे मोटर साइकिल से कोलियारी होते हुए अपने घर ग्राम कलारतराई लौट रहा था। इसी दौरान कुकरेल की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एपी 39 पीए 5299 के चालक ने कोलियारी चौक के पास तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को एक्सीडेंट कर दिया। घटना में अशोक बाइक सहित ट्रक के नीचे घुस गया। पहियों की चपेट में आने से बाइक चालक



गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग जाने से चक्काजाम की स्थिति बन गई। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान अपनी बेटी श्रेयांशी प्रधान व डोमन साहू के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंच घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया है। अर्जुनी पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है।

#### दूसरी घटना : कार-एम्बुलेंस में भिड़ंत



शुक्रवार की रात्रि लगभग 10 बजे दूसरा सड़क हादसा श्यामतराई बाईपास सिग्नल के पास हुई। एक मरीज को रायपुर से निजी एम्बुलेंस से जगदलपुर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ग्राम श्यामतराई बाईपास सिग्नल पर कार व एम्बुलेंस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में कार व एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं मरीज को भी चोट लगी है। सूचना पर शिवा प्रधान ने तत्काल दूसरी एम्बुलेंस की व्यवस्था कर मरीज को सुरक्षित जगदलपुर मेडिकल कालेज पहुंचाया।

#### तीसरी घटना : कार से टकराई बाइक





अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी निवासी शिवनंद जोशी पिता चिंताराम उम्र 27 वर्ष शुक्रवार की रात्रि लगभग 10 बजे धमतरी से बाइक में सवार होकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बठेना चौक के पास अचानक सामने से आई कार से टकरा गया। घटना में शिवनंद घायल हो गया। कोतवाली प्रभारी राजेश मरई व वरदान एम्बुलेंस के पप्पू साहू व अमन साहू की मदद से घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायल का उपचार जारी है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### गोकुलपुर बस्ती में आज पथ संचलन

**धमतरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी शताब्दी समारोह जोर-शोर से पूरे देश में मना रहा है। इसी कड़ी में गोकुलपुर बस्ती द्वारा आज एकलव्य खेल परिसर गवर्नमेंट स्कूल ग्राउंड में पथ संचलन कार्यक्रम होगा। 1:30 बजे एकत्रीकरण रखा गया है। मुख्य वक्ता पूर्णेन्दु सक्सेना मध्यक्षेत्र के संघ चालक होंगे। मुख्य अतिथि आदिवासी समाज के कोषाध्यक्ष शिव नेताम होंगे।

### 22 पेंशनरों को गमछा व श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

**मगरलोड।** गत दिनों पेंशनर संघ तहसील शाखा मगरलोड की बैठक हुई। इस दौरान माह अक्टूबर के जन्मदिन वाले 22 पेंशनर उमेंदीराम साहू, रामजी सोनी, कार्तिकराम साहू, बिसाहू राम साहू, अंशुमान सिंह, गैंदराम, रामरतन निषाद, मुरली वर्मा, दशरथ लाल ध्रुव, बुधराम वर्मा, सरजू राम साहू, टेपराम साहू, नरोत्तम निषाद, सीताराम साहू, भुवन लाल साहू, नीराबाई साहू, पुनेश्वरी दीवान, खोरबहारिन साहू, जयंती बाई कंवर, अनुसुइया साहू, जानकी बाई साहू को गमछा व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इसी तरह दिवगंत दो पेंशनर ग्राम चंदना निवासी पवन कुमार वर्मा और ग्राम रांकाडीह निवासी वेलसिंह धनंजय को श्रध्दांजलि दी गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ ही जीवित प्रमाण- पत्र अनिवार्य रूप से जमा करने कहा गया।

## निधन

### दादन बाई हिंदूजा

**धमतरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्व. ताराचंद हिंदूजा की धर्मपत्नी श्रीमती



दादन बाई हिंदूजा का शनिवार की दोपहर 12 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4.30 बजे निवास स्थान रिसाईपारा गायत्री मंदिर मार्ग से निकली। वे स्व. गोवर्धन हिंदूजा, स्व. खेमचंद एवं तुलसी हिंदूजा की मां व डॉ. राम, लक्ष्मण, इंद्र हिंदूजा की चाची एवं चेतनप्रकाश, सूर्यप्रकाश, युगल, जय, मोहित, कुणाल हिंदूजा की दादी तथा मौलिक व गिरीश हिंदूजा की परदादी थीं। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### पंकज प्रजापति

**धमतरी।** ग्राम बारना निवासी पंकज प्रजापति 22 वर्ष का 10 अक्टूबर



शुक्रवार को निधन हो गया। वे किशन प्रजापति के पुत्र व प्रमुख प्रजापति के छोटे भाई थे। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### पूरन दास

**धमतरी।** ग्राम सांकरा निवासी पूरन



दास 83 वर्ष का निधन 11 अक्टूबर शनिवार को हो गया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के लिए देहदान की घोषणा की थी। वे बसंत, नन्दकिशोर, चांदनी के पिता व नारद, डोमार सिंह गंगबोईर के भाई थे।

### कीचड़ व जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने पंचायत में दिया आवेदन

# शिवपुर-हीरापुर मार्ग पहली बारिश में ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत सिहावा अंतर्गत आने वाले शिवपुर से हीरापुर घटुला मार्ग की स्थिति इन दिनों ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। हाल ही में किए गए मुरमीकरण कार्य के कुछ ही दिनों बाद पहली ही बारिश में सड़क जगह-जगह से उखड़ गई, जिससे मार्ग दलदल में तब्दील हो गया है। कीचड़ और जलभराव से ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए पंचायत कार्यालय में एक आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने स्पष्ट किया है कि मार्ग पर केवल अस्थायी मरम्मत की बजाय अब मजबूत सीसी रोड का निर्माण कराया जाए।





इस अवसर पर त्रिलोक ध्रुव, राजू ध्रुव, जनक पटेल, टकेश्वर पटेल, घनानंद पटेल, ओमप्रकाश पटेल, थरून निषाद, महेंद्र पटेल, मुकेश पटेल, रितिक राजपूत, मोहन निषाद सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### सिर्फ खानापूर्ति हुई, स्थायी समाधान चाहिए

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से इस मार्ग पर पक्की सड़क की मांग की जा रही है, ताकि बरसात और अन्य मौसम में सुरक्षित आवाजाही संभव हो सके। लेकिन अब तक केवल मुरमीकरण जैसी अस्थायी व्यवस्था की गई, जो पहले ही बरसात में विफल हो गई। बरसात के दिनों में यह मार्ग दलदल और कीचड़ से भर जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और महिलाओं को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों को वैकल्पिक लंबा रास्ता अपनाना पड़ता है।

### गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच की मांग

ग्रामीणों ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। उन्होंने संबंधित विभाग से स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### यह है ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

मुरमीकरण कार्य की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए, संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय कार्रवाई की जाए, शिवपुर–हीरापुर घटुला मार्ग का गुणवत्तापूर्ण सीसी रोड निर्माण शीघ्र कराया जाए, आगामी ग्राम सभा की बैठक में इस मुद्दे को शामिल कर प्रस्ताव पारित किया जाए।

### सीसी रोड निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया

ग्राम पंचायत सिहावा की सरपंच उषा देवी नाग ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दी गई शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। इस मार्ग के स्थायी सुधार के लिए सीसी रोड निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है, और स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में हुआ मुरमीकरण कार्य पिछले कार्यकाल में कराया गया था। उसकी गुणवत्ता को लेकर जो शिकायतें सामने आई हैं, उनकी जांच हेतु मामला उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा, ताकि सत्यापन कर दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# मेघा में सुहागिनों ने करवा चौथ पर्व मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम मेघा में सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। महिलाओं ने छलनी से चांद देखकर पूजा अर्चना कर उन्होंने अपने पति की लंबी उम्र एवं खुशहाल जीवन की प्रार्थना की।

महिलाएं इकठ्ठा होकर माता करवा की पूजा की। मां करवा की कथा पढ़ी। उसके बाद विधि विधान से महिलाओं ने पूजन कर भगवान शिव को जल चढ़ाया। करवा माता, गणेश, कार्तिकेय, शिव की आरती कर अपने पति की दीर्घायु की कामना की गयी। सभी व्रतरत महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रही। शाम को पूजन पश्चात रात्रि में चांद को देखकर अपने व्रत को पूरा किया। कहा जाता है कि कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को माता करवा की विधि विधान से पूजा करने से सभी कष्ट मिट जाते हैं। घर में सुख शांति के साथ धन संपत्ति में वृद्धि होती है। इस प्रकार के सामूहिक आयोजन से आपस में एकता एवं सहयोग में वृद्धि होती है। भारतीय परंपरा में सामूहिक आयोजन का विशेष महत्त्व है। सौहद्रा साहू, थलेश्वरी साहू, रेशमी निषाद ने करवा चौथ का उपवास पर्व मनाया।

### हितग्राही को मिला नया राशनकार्ड व जन्म प्रमाण-पत्र

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के शहीद धर्मेंद्र सिंह वार्ड क्रमांक 9 की सभापति अल्का साव ने वार्ड की हितग्राही लोकेश्वरी अमतिया को नया राशन कार्ड एवं जन्म प्रमाण-पत्र प्रदान किया। कई दिनों से संबंधित दस्तावेज़ों की प्रक्रिया लंबित होने के बाद सभापति अल्का साव के प्रयास से यह कार्य पूर्ण हुआ। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही उनका प्रमुख उद्देश्य है।

### घुटकेल में आरएसएस का विजयादशमी उत्सव

# संघ राष्ट्र निर्माण में निरंतर कार्य कर रहा : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत नगरी खंड के अंतिम छोर स्थित ग्राम घुटकेल में श्रद्धा और उत्साह के साथ विजयादशमी उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता महेंद्र नेताम खंड संपर्क प्रमुख, संतोष साहू तथा खंड कार्यवाह मोतीलाल दिवाकर थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेंद्र नेताम ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा विजयादशमी के दिन 1925 में नागपुर में की गई थी। संघ ने अपने आरंभ से ही अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए समाज, शिक्षा, संस्कृति, धर्म और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया है। आज यह संगठन न केवल भारत में बल्कि विश्वभर में भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का मार्गदर्शन कर रहा है।उन्होंने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य भारत माता की जय के मंत्र के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना और राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ बनाना है। आजादी के बाद से संघ ने समाज निर्माण, मंदिरों के पुनर्निर्माण, शिक्षा प्रसार तथा सांस्कृतिक उत्थान में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।




कार्यक्रम में अंकालु राम पटेल, संजय सलाम, शत्रुधन नागवंशी, गोरखनाथ साहू, लक्ष्मण कोसरे, रामभाऊ ध्रुव, गुलशन साहू, प्रदीप नेताम, उमेश नेताम, यामिनी ध्रुव, सीता साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# 2.25 लाख से होगा रामलीला मैदान के मंच का संधारण

- नगर की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए पार्षद निधि से सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में नगर पंचायत नगरी के जनप्रतिनिधियों ने सराहनीय पहल की है। वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद तथा वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद एवं नगर पंचायत के सभापति अश्वनी निषाद ने रावणभाठा स्थित रामलीला मैदान में बने मंच के संधारण कार्य हेतु अपनी पार्षद निधि से कुल 2,25,000 की अनुशंसा की है। इस राशि से रामलीला मैदान में रंगमंच का निर्माण एवं संधारण कार्य किया जाएगा, जिससे नगर की इस प्राचीन सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा मिलेगी और भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखा जा सकेगा।

इस अवसर पर नव आनंद कला मंदिर एवं विजयदशमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष मोरध्वज पटेल, दीपेश निषाद, अनिल वाधवानी, रविंद्र साहू, निहाल देवांगन, अशोक पटेल तथा नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंदकुमार यादव, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं नरेश छदैया ने दोनों पार्षदों का शाल-श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। नागरिकों का कहना है कि इस सहयोग से नगर की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखने में बड़ी भूमिका निभाई जाएगी।

# अब किसी पर निर्भर नहीं रहेगा बंशी

- पार्षद राजा की पहल से दिव्यांग को मिली ट्राइसिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद राजा पवार ने एक जरूरतमंद दिव्यांगजन बंशी नेताम को ट्राइसिकल प्रदान की। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से मिली इस ट्राइसिकल को प्राप्त कर वृद्ध बंशी नेताम का चेहरा खुशी से खिल उठा और उनकी आंखों में आभार के भाव झलक उठे। लंबे समय से चलने-फिरने में कठिनाइयों का सामना कर रहे बंशी नेताम को यह ट्राइसिकल किसी वरदान से कम नहीं लगी। पार्षद राजा पवार ने उनकी स्थिति को समझते हुए तुरंत पहल की और ट्राइसिकल की व्यवस्था कराई। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजन, बुजुर्गों और जरूरतमंदों की सहायता करना जनप्रतिनिधियों का नैतिक कर्तव्य है।

बंशी नेताम ने कहा कि यह ट्राइसिकल मेरे लिए नई उड़ान की तरह है। अब मैं अपने काम स्वयं कर सकूंगा और किसी पर निर्भर नहीं रहूंगा। इसके लिए उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पार्षद राजा पवार और शंकर देव अंबिका ध्रुव का आभार माना।

क्षेत्रवासियों ने इस पहल की खुलकर सराहना की। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने भी पार्षद के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज को एकजुट करने और लोगों में भरोसा बढ़ाने का काम करते हैं।

### कोर्रा में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया, विविध स्पर्धा भी हुई

# गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, 6 माह के शिशुओं का हुआ अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोर्रा के परिक्षेत्र साहू समाज भवन में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय पोषक माह कार्यक्रम अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिंधु बैस सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया। अध्यक्षता गीतेश्वरी साहू जनपद सदस्य कुरूद, पूजा सिन्हा जिला पंचायत सदस्य ने की। मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक





कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। महिलाओं के लिए मटका फोड़ हुआ। व्यंजन प्रतियोगिता भी हुई। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम की अतिथि सिंधु बैस ने नारी सशक्तिकरण व सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर जोर दिया साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने व बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर चर्चा की। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सरिता कुशवाहा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए रेडी टू ईट फूड का उपयोग, महिला कोष ऋण योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में बताया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई हुई। 6 माह के शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया, साथ ही कुपोषित बच्चों को पोषण टोकरी प्रदान की गई। मौके पर टिकेश्वरी साहू जनपद सदस्य कुरूद, चंद्रिका साहू बिहान मास्टर ट्रेनर, कलिंद्री साहू मितानिन कार्यक्रम मास्टर ट्रेनर, खुशबू साहू संकल्प एक प्रतीक्षा संस्थान मास्टर ट्रेनर, जमुना कामड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### राज्यस्तरीय व्हालीबाल में भाठागांव के चार खिलाड़ियों का चयन



**कुरुद।** राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबाल 17 वर्ष बालक, बालिका प्रतियोगिता 10 से 13 अक्टूबर तक कबीरधाम में आयोजित है जिसमें शाउमावि भाठागांव के नितीश कुमार, ओंकार सोरी, दीपिका और विद्या रायपुर संभाग से खेलेंगे। ज्ञात हो कि धमतरी जिले में व्हालीबाल और खिलाड़ी के नाम से पूरे प्रदेश में भाठागांव की अपनी अलग पहचान है। जहां वर्ष भर व्हालीबाल के खिलाड़ी मेहनत करते हैं और शालेय तथा ओपन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई है। इस सफलता पर सरपंच पुष्पलता साहू, जनपद सदस्य हिमांशु साहू, अभय जयसवाल जिला शिक्षा अधिकारी, सीके साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य आशालता साहू, भूषण साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, मयूर क्लब के अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, आदर्श चंद्राकर, नरसिंह साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, सुभाष कादर, राजेन्द्र चंद्राकर, स्पोटर्स टीचर हरीश देवांगन आदि ने हर्ष जताया है।

### मुरा में विशेष ग्रामसभा का हुआ आयोजन





**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मुरा में एक विशेष ग्रामसभा हुई। इसमें स्वच्छता, शिक्षा, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं, भूमिहीन परिवारों को आबादी हेतु जमीन, अतिक्रमण हटाने, चारागाह, शमशान घाट, स्कूल के खेत आदि के लिए भूमि आरक्षित करने, भविष्य में सरकारी जमीन संरक्षण, बाल विवाह प्रतिबंध एवं पंचायत की आय-व्यय की जानकारी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। ग्रामसभा में सरपंच राकेश साहू, सचिव कुणाल देवागन, पंच एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने अपने विचार साझा किए।

### रामपुर स्कूल में छात्राओं को मिली साइकिल



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई। इसी के साथ ही विद्यालय में सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम भी रखा गया। इसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी के प्राचार्य श्रवण कुमार साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। कार्यक्रम मेंप्राचार्य आरके बघेल, सरपंच ऋषि कुमार साहू, उपसरपंच उत्तम कुमार रात्रे, मेघुराम साहू नोडल अधिकारी श्रवण कुमार साहू, व्याख्यातागण आर के टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू समेत व्यायाम शिक्षक जीके साहू, डीके साहू, व्याख्याता एसके साहू, व्याख्याता पी शर्मा, व्याख्याता जे ध्रुव, ग्रंथपाल एल सोन, एमएस ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### साइकिल पाकर छात्राओं के खिले चेहरे




**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत अनुसूचित जाति की 4 एवं अनुसूचित जनजाति की 8 कुल 12 बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पूजा राजू सिन्हा, विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत कुरूद की सभापति सिंधु बैस, सरपंच कुलेश्वर साहू, उप सरपंच हेमलाल चौरे, जनपद सदस्य डिगेश्वरी देवांगन, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष खेमेश्वर राव वाकड़े थे। पूजा सिन्हा ने कहा कि यह साइकिल केवल एक साधन नहीं है बल्कि यह आपके सपनों तक पहुंचने की राह को आसान बनाने का एक कदम है। सिंधु बैस ने कहा कि साइकिल से आने-जाने में समय की बचत होगी। लगन एवं मेहनत से सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर प्राचार्य बालकृष्ण साहू, साइकिल वितरण प्रभारी अनिल कुमार साहू, चैतराम साहू, पुष्पेंद्र कुमार गुरु, वासुदेव कुमार सोनबेर, नरेश कुमार, सीमा सोनी, उत्तरा गंजीर, मनीराम साहू, मनीष कश्यप, रोहित निर्मलकर, रामप्रसाद कंवर, दिनेश धृतलहरे, टेशूराम ध्रुव, केशव ध्रुव, बालेश्वर ध्रुव समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार साहू व आभार व्यक्त बालकृष्ण साहू ने किया।

- कोसमर्रा स्कूल में 12 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बेलरदोना में लोक कला महोत्सव आज

**धमतरी।** संस्था सिरजन एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम बेलरदोना में सिरजन लोक कला महोत्सव 12 अक्टूबर को होगा। अतिथि विधायक अम्बिका मरकाम सिहावा होंगी। आयोजित कार्यक्रम में पंथी, पण्डवानी, सुआ नृत्य, भरथरी, राऊत नाचा, बांस गीत, फाग गीत, डण्डा गीत, लोक मंच, ददरिया, करमा नाचा-गम्मत आदि की प्रस्तुति होगी। जिला सिरजन धमतरी की अध्यक्ष गंगा बाई मानिकपुरी व मानिकरत्न कंवर ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

### पालनहार बने भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**धमतरी।** बौद्ध समाज के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम को



भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर ने प्रदेश उपाध्यक्ष (टीबीएसआई) के रूप में नियुक्त किया है। श्री मेश्राम की यह नियुक्ति केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि संपूर्ण धमतरी बौद्ध समाज की सामूहिक उपलब्धि है। उन्होंने अपने कार्यकाल में समाज में नई ऊर्जा, दिशा और एकता का संचार किया है। उनके नेतृत्व में समाज द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं जिनमें युवक-युवती सम्मेलन, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जयंती का भव्य आयोजन, महिला विंग का गठन कर बौद्ध महिलाओं को सशक्त बनाना है। पालनहार मेश्राम को नई जिम्मेदारी मिलने पर बौद्ध समाज ने हर्ष जताया है।

### महमल्ला स्कूल में बच्चों की गुणवत्ता जांची

**नगरी।** महमल्ला मॉल एवं रैयत में मुख्यमंत्री शैक्षिक गुणवत्ता के तहत बच्चों का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्रमिला साहू उपसरपंच बांधा बिच्छल सिंह मरकाम, विशेष अतिथि सावलूराम मरकाम, रतनूराम मरकाम, समारुराम मरकाम, कवालुराम नेताम, जीवन विश्वकर्मा, नाथूराम नेताम ग्राम पटेल, लीलेश्वरी साहू थे। माध्यमिक शाला महमल्ला मॉल के लिए नोडल अधिकारी टीपी साहू शिक्षक माध्यमिक शाला बांधा तथा प्राथमिक शाला महमल्ला मॉल और रैयत के लिए जितेश्वरी साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बांधा, पंचराम मरकाम प्रधानपाठक प्राथमिक शाला सरईटोला थे। बच्चों को स्तर अनुसार 20 बिंदुओं पर प्रश्न पूछते हुए उचित अंक प्रदान किया गया। पालकों द्वारा प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम में केआर नेताम पूर्व प्रपा माध्यमिक शाला महमल्ला मॉल, महेंद्र सोरी, कौशलेश सिन्हा शिक्षक तथा अन्य पालकगण उपस्थित थे।

जिले में 80 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने अब तक नहीं कराई ई-केवाईसी

# 15 अक्टूबर तक नहीं कराई ई-केवायसी तो राशन कार्ड से हट जाएगा नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिले में एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना के अंतर्गत राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। शासन ने स्पष्ट किया है कि जिन सदस्यों की ई-केवाईसी 15 अक्टूबर तक पूरी नहीं होगी, उनका नाम राशन कार्ड से स्वतः हट जाएगा। इसके बाद उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाला राशन अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा।

जिले में कुल 2 लाख 18 हजार 238 राशन कार्डधारी हैं, जिनमें एपीएल और बीपीएल कार्ड शामिल हैं। इन कार्डों में कुल 7 लाख 19 हजार 534 सदस्य जुड़े हुए हैं। अब तक करीब 6 लाख 38 हजार 636 सदस्यों ने आधार नंबर और बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट के माध्यम से ई-केवाईसी करवा ली है, लेकिन 80 हजार से अधिक उपभोक्ता अब भी ई-केवाईसी प्रक्रिया से वंचित हैं।

शासन द्वारा ई-केवाईसी के लिए कई बार समय सीमा बढ़ाई गई है, लेकिन बार-बार चेतावनी देने के बावजूद बड़ी संख्या में हितग्राही अब भी लापरवाह बने हुए हैं। शासन द्वारा यह अंतिम मौका दिया गया है, जिसके बाद कार्रवाई शुरू की जाएगी। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ई-केवाईसी इसलिए आवश्यक है क्योंकि जिले में यह शिकायतें सामने आई थीं कि कई मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन कार्ड चल रहे हैं और उनका उपयोग कर कुछ लोग पीडीएस योजना का अनुचित लाभ उठा रहे हैं। ई-केवाईसी के जरिए ऐसे फर्जी कार्डों की पहचान करना और उन्हें सिस्टम से बाहर करना संभव हो सकेगा। ई-केवाईसी के तहत प्रत्येक सदस्य को अपने आधार कार्ड की जानकारी और बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट राशन दुकान या लोक सेवा केंद्र में जाकर अपडेट कराना होगा। बायोमेट्रिक प्रणाली से सत्यापन इसलिए जरूरी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लाभार्थी स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करवा रहा है। हालांकि, इस प्रक्रिया के दौरान कई तकनीकी समस्याएं भी सामने आई हैं। छह साल से कम उम्र के बच्चों और 55 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के अंगूठे या उंगलियों के निशान मशीन में ठीक से नहीं आ पा रहे हैं, जिससे ई-केवाईसी प्रक्रिया में बाधा आ रही है। इसके बावजूद शासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई सदस्य समय रहते ई-केवाईसी नहीं करा पाता है, तो उसका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा और उन्हें राशन से वंचित रहना पड़ेगा। धमतरी जिले के विभिन्न ब्लॉकों में सबसे अधिक ई-केवाईसी शेष कुरुद ब्लॉक में है, जहां 24 हजार 987 सदस्य अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके हैं। इसके बाद नगरी ब्लॉक में 21 हजार 701, धमतरी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 14 हजार 932 और मगरलोड ब्लॉक में 14 हजार 188 सदस्यों की ई-केवाईसी बाकी है।

जनप्रतिनिधियों और स्थानीय अधिकारियों से भी अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें और ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा कराने में मदद करें। राशन दुकानों में भी प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को अंतिम तारीख की जानकारी दी जा रही है। 15 अक्टूबर के बाद कोई छूट नहीं दी जाएगी। जिन परिवारों के सदस्य ई-केवाईसी नहीं कराएंगे, उनका नाम स्वतः राशन कार्ड से हट जाएगा। इससे बचने के लिए हितग्राहियों को तत्काल अपने नजदीकी राशन दुकान या सेवा केंद्र में जाकर ई-केवाईसी कराना जरूरी है।

## चारगांव में धर्मांतरण को लेकर ग्रामीणों में रोष

■ एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम चारगांव में धर्मांतरण का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी संबंध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने नगरी पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने धर्मांतरण पर रोक लगाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2006 से अब तक चारगांव के करीब 120 आदिवासी परिवारों ने अपना मूल गोंडवाना धर्म छोड़कर एक अन्य धर्म अपना लिया है। समाज के वरिष्ठजन एवं प्रतिनिधियों ने कई बार समझाने-बुझाने का प्रयास किया, परंतु कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि धर्मांतरण की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बंदन सिंह मरकाम, गिरधर नेताम, देवनाथ नेताम, परशुराम नेताम, पुरूषोत्तम नेताम, उमेंद्र कुमार मरकाम, नारद कुमार मरकाम, बलराम वट्टी, सिरधर नेताम, रामसाय वट्टी, फेकन सिंह नेताम सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## शहीदी शताब्दी यात्रा का भाजपा ने किया स्वागत



■ प्रेम, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है सिख समाज : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी पर निकाली जा रही शहीदी यात्रा का धमतरी में भव्य स्वागत हुआ। भक्ति व आध्यात्मिकता से भरे इस कार्यक्रम में मातृशक्ति ने भजन-कीर्तन कर सहभागिता निभाई। यात्रा के दौरान भाजपा नेता प्रीतेश गांधी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरु ग्रंथ साहिब को नमन कर पुष्पवर्षा की।

श्री गांधी ने कहा कि सिख समाज का बलिदान, त्याग व देशभक्ति का गौरवशाली इतिहास हम सभी के लिए प्रेरणा है। यह यात्रा सभी धर्मों और समुदायों को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का संदेश दे रही है। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, भाजपा आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, पार्षदगण पिंटू यादव, कुलेश सोनी, संजय देवांगन, नंदू लोधी, आयुष दीवान, विशाल त्रिवेदी, नीतू त्रिवेदी उपस्थित थे।

## गोवर्धन पूजा महोत्सव पर 12 को होगी बैठक

■ महिला, कर्मचारी, व्यापारी प्रकोष्ठ का भी होगा गठन, युवाओं को मिलेगी नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा नगरी सर्व यादव समाज के अध्यक्ष नंद यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। समाज की मजबूती पर विशेष चर्चा की गई। सिहावा क्षेत्र में गोवर्धन पूजा महोत्सव की तैयारी को लेकर 12 अक्टूबर को राधाकृष्ण मंदिर यादव समाज भवन (शीतला मंदिर) सिहावा में बैठक होगी। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष गोवर्धन पूजा महोत्सव में जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम ने 10-10 लाख स्वीकृति की घोषणा की थी। 10 लाख स्वीकृति राशि प्राप्त होने पर टिन शेड निर्माण कार्य हुआ। इसका जायजा लिया जायेगा। बाकी 10 लाख की राशि घोषणा के अनुरूप समय पर प्राप्त न होने पर पुनः अवगत कराने के लिए निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए महिला प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ का गठन एवं युवा संगठन में नई जिम्मेदारी देने के लिए बैठक में प्रस्ताव पास किया गया। सर्व यादव समाज के अध्यक्ष नन्द यादव एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डीके यादव ने गोवर्धन पूजा महोत्सव में शामिल होने की अपील की। बैठक में अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष अंकालुराम यादव, संरक्षक गोवर्धन यादव, संरक्षक दीनदयाल यादव, युवा अध्यक्ष डीके यादव, सचिव श्रवण यादव, सहसचिव डोमेन्द्र यादव, पूर्व कोषाध्यक्ष बलदाऊ यादव, सुनाराम यादव, पूर्व संगठन मंत्री चंद्रभान यादव, सुरेश यादव, निरंजन यादव, शैलेश यादव, रमेश यादव, माधव यादव उपस्थित थे।

## संभागायुक्त ने किया गिरदावरी कार्यों का निरीक्षण

■ चर्रा पहुंचकर पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



संभागायुक्त महादेव कावरे आकस्मिक निरीक्षण पर कुरूद विकासखंड के ग्राम चर्रा पहुंचे। उन्होंने राज्य शासन द्वारा विकसित पीवी ऐप (फिजिकल वेरीफिकेशन एप) के माध्यम से हो रहे गिरदावरी कार्यों का निरीक्षण किया और डिजिटल सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने कृषक मिश्रीलाल के खेत में पहुंचकर फसल की स्थिति, पंजीयन, खाद-बीज की उपलब्धता एवं पूर्व में हुए धान विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से संवाद कर फसल उत्पादन की संभावनाओं और योजनाओं के लाभ के संबंध में चर्चा की। संभागायुक्त ने पटवारियों से गिरदावरी पोर्टल, डेटा एंट्री की सटीकता तथा सत्यापन प्रक्रिया की जानकारी ली। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह ने बताया कि गिरदावरी सत्यापन हेतु अधिकारियों की नियुक्ति की गई है तथा पीवी ऐप के माध्यम से मोबाइल पर ही डिजिटल वेरीफिकेशन किया जा रहा है, जिससे त्रुटियों का शीघ्र निराकरण संभव हो सके।

तहसीलदार कुरूद श्रीमती दुर्गा साहू ने तहसील स्तर पर चल रहे गिरदावरी कार्यों की प्रगति बताई। राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने ऐप की तकनीकी कार्यप्रणाली और फील्ड में आ रही कठिनाइयों की जानकारी दी। संभागायुक्त श्री कावरे ने कहा कि गिरदावरी कार्य पूर्ण पारदर्शिता और शुद्धता के साथ किया जाए। पीवी ऐप के माध्यम से सत्यापन की गति बढ़ाई जाए, फील्ड में जाकर किसानों से संवाद स्थापित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की जाए। संभागायुक्त ने कहा कि गिरदावरी कृषि से जुड़ा महत्वपूर्ण आधारभूत कार्य है। इसकी सटीकता से ही किसान हितैषी योजनाओं का लाभ समय पर और सही व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। डिजिटल तकनीक से पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी।

## सामाजिक, शैक्षणिक एवं राष्ट्र निर्माण में संघ का अमूल्य योगदान : दिवाकर

■ दुगली में आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर मनाया गया विजयादशमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत नगरी खंड के दुगली मंडल में विजयादशमी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मोतीलाल दिवाकर रहे, जबकि अध्यक्षता सीताराम नेताम ने की। विशेष अतिथि खंड संपर्क प्रमुख महेंद्र नेताम एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा थे। मुख्य वक्ता मोतीलाल दिवाकर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विजयदशमी के दिन 1925 में नागपुर में की थी। संघ ने प्रारंभ से ही अनेक विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है। आज संघ विश्व के सबसे सशक्त संगठनों में से एक के रूप में स्थापित है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संघ ने समाज निर्माण, शिक्षा, संस्कृति, मंदिरों के पुनर्निर्माण और राष्ट्र की एकता व अखंडता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संघ का मूल उद्देश्य भारत माता की जय के मंत्र के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। मौके पर पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, वासुदेव गंजीर, श्यामाचरण मंडावी, वरुण देव नेताम, राधेश्याम मरकाम, आशाराम ओटी, परमानंद यादव, गुलेश नेताम, गोपाल यादव, महेश नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आरएसएस सामाजिक समरसता, अनुशासन का संदेश देता है : मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



संघ के शताब्दी वर्ष पर अरौद डुबान में विजयादशमी उत्सव का हुआ आयोजन



अरौद डुबान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गजानंद मरकाम परिक्षेत्र अध्यक्ष आदिवासी समाज थे। अध्यक्षता देवनाथ नेताम पूर्व जनपद सदस्य ने की। मुख्य वक्ता मोहनलाल साहू प्रांत सहसेवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ थे। मुख्य अतिथि श्री मरकाम ने संघ के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता मोहनलाल साहू ने कहा कि हम सभी का उद्देश्य भारतमाता की रक्षा करना है। इसके लिए हम सभी को मिलजुलकर रहना होगा। हम सभी को अपने जीवन में स्वदेशी को शामिल करना होगा तभी हमारा भारत सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली होगा। संघ सामाजिक समरसता, अनुशासन का संदेश देता है। इस अवसर पर ग्राम का माहौल राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा। मौके पर चंद्रहास यादव, बसंत कोमरे, महेंद्र कुमार, विष्णु कोर्राम, अंजोर सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संचालक राधेश्याम नेताम, खंड कार्यवाह अजय साहू, खंड सह कार्यवाह मनोहर लाल साहू, मंडल कार्यवाह हेमंत साहू, जिला पर्यावरण संयोजक भेदू प्रकाश साहू, हिन्दू जागरण मंच जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद, सहसंयोजक चित्रेश साहू समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## एक नवंबर से धान खरीदी करे सरकार : लेखराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं किसान नेता लेखराम साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन शुरू करने की मांग की है। श्री साहू ने कहा है कि छग अन्नदाता किसानों का प्रदेश है। धान का कटोरा कहा जाता है। यहां पर धान खरीदी की तैयारी वृहद पैमाने पर की जाती है लेकिन इस सरकार में अब तक सहकारिता, मार्केड और नान में आपसी समन्वय नहीं बन पाया है। यह सरकार धान खरीदी की तैयारी को लेकर गंभीर नहीं है। अर्ली वैरायटी का धान पककर कटाई के लिए तैयार है, लेट वैरायटी के धान की कटाई भी दिवाली के तुरंत बाद शुरू हो जाएगी।

### दहदहा स्कूल में साइकिल का वितरण

**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहदहा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 9 वीं की 8 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। विद्यालय का शैक्षणिक सामाजिक अंकेक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने हेतु प्रेरित किया। मौके पर हरि विश्वकर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, स्कूल प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र पाल, देवकुमार चंद्राकर, कौस्तुक चंद्राकर, चिंताराम चंद्राकर सेनि शिक्षक, मनोज निषाद, संजय साहू, थानेश्वर चंद्राकर, देवराज चंद्राकर, शेखन निर्मलकर, टिकेंद्र चंद्राकर, नेमिन सिन्हा सरपंच मेंडरका समेत हितग्राही छात्राओं के पालक उपस्थित थे।

### भुसरेंगा स्कूल में गुल्लक का वितरण

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में प्रधानपाठक यूके कोसरिया ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर शाला के सभी बच्चों को न्योता भोज के साथ गुल्लक का वितरण किया।

## आपरेशन निश्चय : पुलिस ने दी 92 स्थानों पर दबिश

■ तीन सूखे नशे के सौदागर व दो चाकूबाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





पुलिस ने जिले में आपरेशन निश्चय के तहत बड़ा अभियान चलाकर 92 स्थानों पर दबिश देकर नशे पर बड़ा प्रहार किया है। इस दौरान नशे के सौदागर, चाकूबाज व अवैध शराब बेचने वालों को गिरफ्तार किया है।

रायपुर रेंज के आईजी अमरेशकुमार मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन व एसपी श्री परिहार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा शनिवार की तड़के विशेष सघन अभियान चलाकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के कुल 92 स्थानों पर दबिश दी गई। अभियान के लिए पुलिस की अलग-अलग 18 टीम बनाकर गुंडा बदमाश, असामाजिक तत्व एवं मादक पदार्थ के अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की गई, वहीं संदेहियों को भी चेक किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने एनडीपीएस के तीन प्रकरण में तीन आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 किलो 90 ग्राम गांजा जब्त किया। इसी तरह आबकारी एक्ट के तहत 20 प्रकरण में 20 आरोपी को गिरफ्तार कर 84.100 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। धारा 170 बीएनएस के तहत 15 मामलो में 15 व्यक्ति व धारा 126, 135 बीएनएस के तहत 21 मामलों में 21 व्यक्ति के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। आर्म्स एक्ट के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने 92 स्थानों पर दबिश देकर संदेहियों को चेक किया गया। पुलिस ने रेड कार्रवाई के दौरान अवैध रुप से जर्दायुक्त बनाने की हैवी मशीन लगी फैक्ट्री के संबंध में वैधानिक कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले पुलिस ने सघन अभियान चलाकर एक ही दिन 37 आबकारी मामले में कार्रवाई की थी।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
• गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
• मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
• मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
• पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
• लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
• गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज